# कार्यालय जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, पिथौरागढ़।

पत्रांक 101 / एम0बी0ए0डी0पी0 / 2024–25 दिनांक– 27 मई 2024

खण्ड विकास अधिकारी,
कनालीछीना ।

मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु आपके पत्रांक 1773 / एम0बी0ए0डी0पी0 दिनांक 27 फरवरी 2023 द्वारा प्रेषित की गयी कार्ययोजना के अनुसार ग्राम पंचायत पाली में बेतालेश्वर एस.एच.जी. पाली हेतु टेण्ट हाउस सामग्री क्रय किये जाने के लिए रू0 10.00 लाख स्वीकृत किया गया था, जिसके सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि विकास खण्ड को उपलब्ध करा दी गयी है।

संज्ञान में आया है कि टैण्ट हाउस से संबंधित मानक के अनुरूप पूर्ण सामग्री संबंधित एस.एच. जी. को उपलब्ध नहीं करायी गयी है तथा जो सामग्री प्राप्त हुई है उसकी भी गुणवत्ता निम्न कोटि की है। जो कि गम्भीर अनियमित्ता एवं धनराशि के दुरूपयोग से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

अतः आप टैण्ट हाउस हेतु उपलब्ध करायी गयी सामग्री एवं उसकी गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन करते हुए अपनी विस्तृत आख्या तीन दिन के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को गम्भीरता से लिया जायेगा।

परियोजना निदेशक,
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण,
पिथौरागढ़।

प्रतिलिपि– मुख्य विकास अधिकारी महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।

परियोजना निदेशक,
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण,
पिथौरागढ़।